तेरे ज्योत में पल पल मैंने तेरा किया नजारा

तेरे ज्योत में पल पल मैंने तेरा किया नजारा,
बैठ के चरणों में तेरे मैं भूल गई जग सारा,
लाटा वालिये ज्योता वालिये माता रानिये,

तू ही विश्वाश मेरा तू ही मेरी आस है ,
रखना तू लाज मेरी यही अरदास है,
हर दुःख में हर संकट में जो मेरा बने सहारा,
बैठ के चरणों में तेरे मैं भूल गई जग सारा,
लाटा वालिये ज्योता वालिये माता रानिये,

तू छू ले तो पत्थर में भी जाग उठे संगीत ,
तेरी किरपा से अँधा देखे गूंगा गाये गीत,
चमत्कार से तेरे निकले कंठ से स्वर धारा,
बैठ के चरणों में तेरे मैं भूल गई जग सारा,
लाटा वालिये ज्योता वालिये माता रानिये,

दुनिया को शक्ति का रूप दिखा दे माँ,
बुजे बुजे नैनो के दीप जला दे माँ,
सुन ले मेरी विनती मैंने मन से तुझे पुकारा ,
बैठ के चरणों में मैं तेरे भूल गया जग सारा,
लाटा वालिये ज्योता वालिये माता रानिये,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15981/title/teri-jyot-me-pl-pl-maine-tera-kiya-najara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |